बिहार सरकार
<u>विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग।</u>

पत्रांक :– वि॰प्रा॰ (VI) विविध (रा॰पो॰परीक्षा)–05/2022 1506 पटना, दिनांक – 30/5/22

प्रेषक,

वैभव चौधरी, (आई॰ए॰एस॰)
निदेशक,
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य,
सभी राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय,

प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य,
राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थान, बिहार।

विषय :विभागीय पत्रांक –3300 दिनांक 30/12/2021 द्वारा निर्गत विभागान्तर्गत सभी राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय/राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों के शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं हेतु वर्ष 2022 के लिए घोषित ग्रीष्मावकाश रद्द करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि राज्य प्रावैधिकी शिक्षा पर्षद्, बिहार एवं आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के विभिन्न सेमेस्टरों की परीक्षा का कार्यक्रम माह जून 2022 में निर्धारित है। परीक्षा के कार्य सुचारु रुप से संचालन, उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन, ससमय परीक्षाफल प्रकाशन को ध्यान में रखते हुए विशेष परिस्थिति में विभागीय पत्रांक –3300 दिनांक 30/12/2021 द्वारा निर्गत अवकाश तालिका क्रम संख्या–19 में घोषित अवकाश में आंशिक संशोधन करते हुए दिनांक 01/06/2022 से 30/06/2022 तक विभागान्तर्गत सभी राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय/राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों के शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं हेतु वर्ष 2022 के लिए घोषित ग्रीष्मावकाश को रद्द किया जाता है।

शिक्षकों के अवकाश अवधि के लिए विभागीय संकल्प ज्ञापांक 1189 दिनांक 29/04/2010 के अनुसार नियमानुकूल कुल कार्य दिवस का 1/3 दिन उपार्जित अवकाश अनुमान्य होगा। सभी प्राचार्य अपने अधीनस्थ सभी शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं को अपने स्तर से सूचित करना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन
30/05/2022
निदेशक
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग